# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र

दिनांक 26.02.2021

## संस्कृत साहित्य परिषद्

## ऑनलाइन राज्यस्तरीय संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता परिणाम

| परिणाम | नाम | कक्षा | अनुकमांक | संस्था |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | शिवानी | बी० ए० द्वितीय वर्ष | 3133920097 | आर्य गर्ल्ज कालेज, अम्बाला कैन्ट |
| द्वितीय | सोनू शर्मा | बी० ए० तृतीय वर्ष | 2267120164 | दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र |
| तृतीय | लव पूनिया | बी० ए० द्वितीय वर्ष | 3185310268 | आर० के० एस० डी० कालेज, कैथल |
| सान्त्वना | संगीता | एम० ए० द्वितीय वर्ष | 3200220005 | आर्य कन्या महाविद्यालय गुरूकुल, मोर माजरा |
| सान्त्वना | रिदुला | बी० एस० सी० प्रथम वर्ष | 201203 | डी० ए० वी० कालेज (लाहोर) अम्बाला सिटी। |

26.02.2021

Reena

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

अमर उजाला 03.03.2021

# निबंध लेखन में बल्लभगढ़ की कोमल ने मारी बाजी

संवाद न्यूज एजेंसी

कुरुक्षेत्र। महर्षि दयानंद जन्मोत्सव पर दयानंद महिला महाविद्यालय की आर्य युवती परिषद् एवं संस्कृत साहित्य परिषद् द्वारा राज्य स्तरीय ऑनलाइन निबंध लेखन एवं संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। निबंध लेखन में स्वामी दयानंद सरस्वती महान समाज सुधारक तथा सशक्त भारत निर्माण में आर्य समाज के नियमों की भूमिका विषयों पर ऑनलाइन 26 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में भी प्रदेश भर से छंदोबद्ध श्लोकोच्चारण की ऑनलाइन 19 प्रविष्टियां प्राप्त हुई।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम :** निबंध लेखन में कोमल बीएससी द्वितीय वर्ष, राजकीय कन्या महाविद्यालय, बल्लभगढ़ ने प्रथम स्थान, महक बीएससी प्रथम वर्ष, डीएवी कॉलेज (लाहौर), अंबाला कैंट और पूजा शर्मा बीए तृतीय वर्ष दयानंद महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अनुज्ञा बीए द्वितीय वर्ष, डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता बीकॉम तृतीय वर्ष, देव समाज कन्या महाविद्यालय, अंबाला सिटी तथा प्रकृति, एमकॉम प्रथम वर्ष, राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। संस्कृत श्लोकोच्चारण में शिवानी, बीए द्वितीय वर्ष, आर्य गर्ल्स कॉलेज, अंबाला कैंट ने प्रथम स्थान, सोनू शर्मा बीए तृतीय वर्ष दयानंद महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने द्वितीय स्थान तथा लव पूनिया बीए द्वितीय वर्ष, आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संगीता एमए द्वितीय वर्ष, आर्य कन्या महाविद्यालय, मोर माजरा तथा रिदुला बीएससी प्रथम वर्ष, डीएवी कॉलेज, अंबाला कैंट ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

दोनों प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. सुमन राजन, डॉ. रीजा तथा डॉ. रीना नागपाल ने प्रतियोगिता परिणाम तैयार किए। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र एवं निर्धारित पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि स्वामी दयानंद के विचारों और सामाजिक कार्यों से संबंधित लेख लिखकर निश्चित रूप से प्रतिभागियों ने उनकी शिक्षाओं और उपदेशों का लाभ उठाया है, क्योंकि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से ऐसे महापुरूषों के जीवन-दर्शन को पढ़ने का सुअवसर प्राप्त होता है।

कुरुक्षेत्र केसरी 3 मार्च 2021

# 'राज्य स्तरीय संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में पूजा शर्मा रही प्रथम'

कुरुक्षेत्र, 2 मार्च (विनोद अरोड़ा) : महर्षि दयानन्द जन्मोत्सव व बोधोत्सव के उपलक्ष्य में सलारपुर रोड स्थित दयानन्द महिला महाविद्यालय की आर्य युवती परिषद एवं संस्कृत साहित्य परिषद द्वारा राज्य स्तरीय ऑनलाइन निबन्ध लेखन एवं संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में स्वामी दयानन्द सरस्वती महान समाज सुधारक तथा सशक्त भारत निर्माण में आर्य समाज के नियमों की भूमिका विषयों पर प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से ऑनलाइन 26 प्रविष्टियां प्राप्त हुई।

संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में भी प्रदेश भर से छन्दोबद्ध श्लोकोच्चारण की ऑनलाइन 19 प्रविष्टियां प्राप्त हुई प्रतियोगिता के परिणामों में क्रमश: निबन्ध लेखन में राजकीय कन्या महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान, डी.ए.वी. कॉलेज अम्बाला कैंट की छात्रा महक व दयानन्द महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र की छात्रा पूजा शर्मा ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद की छात्रा अनुज्ञा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। देव समाज कन्या महाविद्यालय अम्बाला सिटी की बी.कॉम तृतीय



*ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राएं।* (अरोड़ा)

वर्ष की छात्रा कविता तथा राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक की एम. कॉम प्रथम वर्ष की प्रकृति ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

संस्कृत श्लोकोच्चारण में आर्य गर्ल्ज कॉलेज अम्बाला कैन्ट की शिवानी ने प्रथम, दयानन्द महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र की सोनू शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष द्वितीय तथा लव पुनिया आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आर्य कन्या महाविद्यालय मोर माजरा की संगीता तथा डी.ए.वी. अम्बाला कैन्ट की छात्रा रिदुला ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। दोनों प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल की भूमिका के रूप में डा. सुमन राजन, डा. रीजा, डा. रीना नागपाल ने प्रतियोगिता के परिणाम तैयार किए। दोनों प्रतियोगिता के विजेताओं को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र एवं निर्धारित पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि स्वामी दयानन्द के विचारों और सामाजिक कार्यों से सम्बंधित लेख लिखकर निश्चित रूप से प्रतिभागियों ने उनकी शिक्षाओं और उपदेशों का लाभ उठाया है क्योंकि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से ऐसे महापुरुषों के जीवन दर्शन को पढ़ने का सुअवसर प्राप्त होता है।